हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 7 मई 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

14 प्लेसमेंट कैंप में युवाओं को मिला रोजगार, 13 को ...



14 हसुवा में सिंचाई व्यवस्था बदहाल किसानों ने ...



## खबर संक्षेप

### नवोदय गुंजन वर्मा का चयन

**बगबुड़ा।** नवोदय विद्यालय लवन के नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए गुंजन वर्मा का चयन हुआ हैं। गुंजन वर्मा कक्षा पहिली से पांचवी तक शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरा में पढ़ी हैं। शुरु से ही छात्रा एक प्रतिभाशाली विद्यार्थी के रूप में रही प्रथम चयन सूची में नाम नही आने पर निराश हो गई थी पर प्रतिक्षा सूची में नाम आने से खुश हुई। शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कोचिंग सेंटर लवन में छात्रा अध्ययन के लिए जाती थी अपनी सफलता का श्रेय उन्होने अपने शाला के सभी शिक्षको को, अपने माता-पिता को एवं अपने मामा-मामी को दिए हैं।



### तीन आदतन अपराधी जिला बदर

**बलौदाबाजार।** जिले में वर्तमान कानून व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर तीन आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश जारी किया है। आदेश के तहत थाना लवन निवासी ग्राम अमलीडीह के ईश्वर केवट पिता लक्ष्मण केवट,थाना लवन निवासी ग्राम बगबुडा के प्रदीप कठौत्रे पिता स्व.बंसीलाल कठौत्रे एवं थाना सिटी कोतवाली अंतर्गत निवासी नयापारा दुर्गा चौक बलौदाबाजार के शाईन खान उर्फ बाबा खान पिता शाहिद खान को जिला बदर किया गया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3,5 (ख ) के तहत किया गया है जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा जिला एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, बेमेतरा एवं सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने के 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए है।

# भीषण गर्मी में ग्रामीणों को राहत, नहरों से लबालब हुए 570 तालाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्रीष्म ऋतु में तालाबों में पानी क़ी कमी के कारण ग्रामीणों को निस्तारी क़ी समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा महानदी जलाशय परियोजना के नहर के माध्यम से तालाबों को भरा जा रहा है। अब तक जिले के 570 तालाब में पानी भर चुका हैं तथा शेष तालाब में पानी भरा जा रहा है। जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार महानदी जलाशय परियोजना के नहर के माध्यम से जिले के कुल 384 गांव के 683 तालाबों को भरने का लक्ष्य है। इनमे से 570 तालाबों में अब तक पानी भरा गया है तथा 60 प्रगतिरत है। शेष तालाबों में भी जल्द पानी भर दिया जाएगा इन तालाबों के भरने से ग्रामीणों को ग्रीष्म ऋतु में निस्तारी के संकट से मुक्ति मिलेगी। इसके साथ ही तालाबों के भरने से आस - पास के क्षेत्रों में वाटर रिचार्ज भी होग़ा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सभी तालाबों में नहर के माध्यम से शीघ्र पानी भरने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों निर्देशित किया है। इसके साथ ही नहर का पानी व्यर्थ बहने में रोक लगाने तथा कड़ी मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिये हैं।

## सुशासन तिहार: समस्याओं के समाधान के लिए गांवों और शहरों में सजे शिविर

# शिविर में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण कर सूचित करें : टंकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत बुधवार को जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने नगरपालिका भाटापारा एवं बलौदाबाजार तथा विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम मोहतरा में आयोजित शिविर में शामिल हुए।इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लगभग 350 हितग्राहियों को सामग्री, चेक एवं सम्मान पत्र प्रदान किया।

ग्राम मोहतरा में आयोजित शिविर को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि ग्रामीणों क़ी समस्याएं एक छत के नीचे समाधान हो इसके लिये सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन 1 मई से किया जा रहा है। इसमें प्राप्त होने वाले आवेदनो का तत्काल निराकरण करना है और जो नहीं हो पायेगा उसका 15 दिन में निराकरण कर सूचित भी करना है। उन्होंने अधिकारियो को चेतवानी दी कि किसानों का भूमि सम्बंधित समस्याओ का



तत्काल निराकरण करें, कोई लापरवाही नहीं होना चाहिए।। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार महिला सशक्तिकरण सहित सभी क्षेत्रों में काम कर रही है। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में सर्वाधिक डिजिटल किसान किताब निर्माण के लिये जिले को बधाई भी दिये।कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने भी सम्बोधित किया।



### डिजिटल किसान किताब निर्माण में जिला अव्वल

जिले में राजस्व विभाग द्वारा डिजिटल किसान किताब बनाया जा रहा है।अब तक 192159 डिजिटल किसान किताब बनाए जा चुके है जो प्रदेश में सर्वाधिक है। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियो के साथ विभागीय स्टॉलो का अवलोकन किया एवं हितग्राहियों को सामग्री वितरित किया।इसमें खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड व चश्मा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा जॉब कार्ड, पीएम आवास योजना के आवास क़ी चाबी, मछली पालन विभाग द्वारा महाजाल व आइस बॉक्स, उद्यानिक़ी विभाग द्वारा फलदार पौधे, भारत माता वाहिनी को सीटी व छड़ी, विद्युत विभाग द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत सम्मान पत्र,समाज कल्याण विभाग द्वारा मोटराइज्ड ट्राईसिक,खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा बच्चों को स्पोर्ट्स किट शामिल हैं। नगर पालिका भाटापारा शिविर में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, बलौदाबाजार नगर पालिका में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, मोहतरा शिविर में जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन वर्मा,सी ई ओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या नगरवासी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट आज, 6 सौ से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 7 मई 2026 को प्री पोलिटेक्निक टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में जिले के 623 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा की तैयारी क़ो लेकर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बुधवार को केंद्राध्यक्ष व ऑब्जर्वर की बैठक ली। उन्होंने तैयारियों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किया जाए और मंडल के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

- **कलेक्टर ने की परीक्षा तैयारियों की समीक्षा**

कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर संवेदनशील है। बिना किसी त्रुटि के एवं पारदर्शी ढंग से परीक्षा सम्पन्न कराएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न हो, निर्देशों का कड़ाई से पालन हो और अपने दायित्व का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करें। सभी परीक्षा केंद्रों पर फ्रिस्किंग की प्रक्रिया पूर्ण रूप से लागू हो और किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जैसे मोबाइल, ब्लूटूथ डिवाइस आदि को परीक्षा केंद्र में लाने की अनुमति न दी जाए। अभ्यर्थियों की पहचान का सत्यापन आधार एवं प्रवेश पत्र के आधार पर किया जाए और कक्षा में प्रवेश से पहले उनका चेकिंग कार्य सटीक रूप से हो। उन्होंने कहा कि मुख्य प्रवेश द्वार बंद करने के पूर्व तीन अलग अलग समय पर माइक से सूचित करें। बताया गया कि परीक्षा आयोजन हेतु जिले में 2 केंद्र बनाए गए हैं जिसमें डी के कॉलेज बलौदाबाजार, मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार शामिल है।परीक्षा प्रातः 10 से अपरान्ह 1 :15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के दो घण्टे पूर्व केन्द्र में उपस्थित होना अनिवार्य है। मुख्य प्रवेश द्वारा 9:30 बजे बंद हो जाएगा। बैठक में अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी सुश्री दीप्ति गौते, डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर सहित केन्द्राध्यक्ष एवं ऑब्जर्वर उपस्थित थे।

# पटाखा फोड़ने से मना करने पर युवक पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

फटाका फोड़ने को लेकर मारपीट कर चोट पहुचाने की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है | मामले में प्रार्थी युवराज यादव निवासी ग्राम मुडियाडीह द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया जिसमे कहा गया है कि आरोपी भोला उर्फ भुनेश्वर कुर्रे द्वारा 02 मई की सुबह उसके घर के सामने फटाका फोड़ा जा रहा था, जिसे प्रार्थी द्वारा उसके पिताजी का स्वास्थ्य खराब होना बताकर, आरोपी को फटाका फोड़ने से मना किया गया। इसी बात को लेकर रात्रि 08 बजे आरोपी द्वारा प्रार्थी के घर के सामने आकर गाली गलौज किया जाने लगा प्रार्थी द्वारा मना मना करने पर आवेश में आकर आरोपी द्वारा अश्लील गाली गलौज कर, जान से



मारने की धमकी देते हुए अपने हाथ में रखे धारदार वस्तु से प्रार्थी के साथ मारपीट किया गया जिससे प्रार्थी के आंख के ऊपर चोंट आया है। रिपोर्ट पर अपराध क्र. 186/2026 धारा 296, 351(2), 115(2), 1181(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपी भोला ▶▶ शेष पेज 12 पर

# सीमेंट संयंत्र में हादसा, गर्म भाप से झुलसा कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में औद्योगिक दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्राम रवान स्थित सीमेंट संयंत्र में मंगलवार को एक और गंभीर हादसा हो गया, जिसमें 21 वर्षीय कर्मचारी गर्म भाप की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। घायल युवक को तत्काल बलौदाबाजार के एक निजी अस्पताल के बर्न यूनिट में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति फिलहाल नियंत्रण में बताई जा रही है।

- **परिवार ने स्थायी नौकरी व मुआवजे की मांग की**

जानकारी के अनुसार, ग्राम रवान निवासी हिमांशु साहू (21



वर्ष) संयंत्र के वर्कशॉप में ड्यूटी पर तैनात था। इसी दौरान वरिष्ठ कर्मचारियों के निर्देश पर वह लोडर वाहन के इंजन का बोनट खोलकर रेडिएटर में पानी डालने का कार्य कर रहा था। जैसे ही उसने रेडिएटर का ढक्कन खोला, अचानक तेज गर्म भाप बाहर निकली और उसके पेट व सीने को गंभीर रूप से झुलसा दिया।

### तीन दिन पहले भी हुआ था हादसा

गौरतलब है कि इसी संयंत्र से जुड़ी खदान में तीन दिन पहले ब्लास्टिंग के दौरान पत्थर उछलकर एक राहगीर को लगने से उसका जबड़ा टूट गया था। इस मामले में सिटी कोतवाली थाना में संयंत्र प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। लगातार हो रही घटनाओं ने संयंत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। हालांकि संयंत्र प्रबंधन द्वारा घायल युवक के इलाज का खर्च उठाया जा रहा है, लेकिन परिवारजन उसके स्वास्थ्य और भविष्य को लेकर चिंतित हैं। परिजनों ने संयंत्र से युवक को स्थायी नौकरी और उचित मुआवजा देने की मांग की है, ताकि उसके जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# प्लास्टिक पाइप गोदाम में लगी भीषण आग, 6 लाख का सामान खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

मण्डी रोड स्थित एक प्लास्टिक पाइप गोदाम में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। घटना बुधवार सुबह 11 बजे के आसपास की बताई जा रही है। मण्डी रोड स्थित साहू कृषि केन्द्र एण्ड रिवाइन्डर की दुकान का प्लास्टिक को बोर पंप पाइप गोदाम में रखा हुआ था जहां यह आगजनी की घटना ▶▶ शेष पेज 12 पर

### धुआं और आग की लपटें देख मालिक को दी सूचना

इस आगजनी में गोदाम के अंदर से तेज धुंआ और आग की लपटें निकलते देख आसपास के लोगों ने दुकान मालिक को खबर किया। आग इतनी भयावह थी कि दूर से ही धुएं का गुबार दिख रहा था। लोग बोर पंप से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश करने लगे। साथ ही नगरपालिका के फायर वाहन को बुलाया गया और आग को बुझाया गया।





## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स
**NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549**

### एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (YOGA) (योगा) | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं, 12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। साथ ही 50 रुपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की तिथि - 10.05.2026**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 11.06.2026**

**प्रति,**
**कार्यसंचालक (NSDC)**
**मॉडर्न इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साईंस (MIPS)**
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**
**कार्य संचालक पैरा मेडिकल कोर्स**

**महोदय,**
..........................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ..........................
2. पिता/पति का नाम ..........................
3. जन्मतिथि अंकों में ..........................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ..........................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ..........................
   मोबाइल नंबर ..........................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..........................
7. शैक्षणिक योग्यता ..........................

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**नोट : - (1)** आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।

## खबर संक्षेप

### दसवीं में काम्या वर्मा को 92.33 प्रतिशत अंक मिला



**बंगोली।** समीपस्थ ग्राम मूरा निवासी काम्या वर्मा पिता चंद्रशेखर वर्मा तथा माता संतोषी वर्मा ने एस.ए .जी .इ .एस. स्कूल सारागॉव से कक्षा दसवीं मे 92.33 प्रतिशत प्राप्त कर अपने स्कूल व माता पिता तथा ग्राम का नाम रोशन किया ।

### झरोखा को 12 वीं में मिले 85 प्रतिशत अंक



**अर्जुनी।** भारती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रवान की छात्रा झरोखा वर्मा ने कक्षा 12वी की बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत अंक हासिल कर शानदार सफलता पाई है। अर्जुनी निवासी घनश्याम वर्मा की सुपुत्री झरोखा की इस उपलब्धि ने न केवल उनके माता-पिता, बल्कि पूरे क्षेत्र और समाज का नाम रोशन किया है। झरोखा की इस बड़ी सफलता पर मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के नवनिर्वाचित राज प्रधान हरिराम वर्मा, सहित शिक्षक राकेश कुमार वर्मा, दिलीप, नेतराम वर्मा, मिडिया प्रभारी अर्जुनी राज रूपेश वर्मा, विद्यालय के प्राचार्य तेजराम साहू, विद्यालय के संचालक शशिकांत साहू, सेवानिवृत्त शिक्षक बी.एल. साहू सहित समाज के अन्य गणमान्य लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### विवेक ने 10 वीं में हासिल किया 91.16 प्रतिशत अंक



**बिलाईगढ़** । छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणाम में ग्राम पंचायत भण्डोरा के प्रतिभावान छात्र विवेक ताण्डेय ने 10वीं में 91.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल किया है। बता दें कि विवेक के पिता लालजी ताण्डेय एक लघु किसान हैं। जो अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। बचपन से ही मेघावी रहे विवेक ज्ञान विज्ञान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलाईगढ़ में अध्ययनरत हैं। वे पढ़ाई के साथ ही साथ पेंटिंग आर्ट में भी रुचि रखते है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता,चाचा एवं गुरुजनों को दिया है। विवेक के इस सफलता के लिए परिवार, समाज एवं क्षेत्र के लोगों ने बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर बलौदाबाजार में जश्न, आतिशबाजी व मिठाई बांटकर मनाई खुशी

# बंगाल में खत्म हुआ भय का माहौल अब होगा सुशासन : टंकराम वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए की पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में मिली ऐतिहासिक जीत की खुशी में बुधवार शाम जिला भाजपा कार्यालय बलौदाबाजार में भव्य जश्न मनाया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर एवं मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर की। यह आयोजन बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हाथों में पार्टी के झंडे लिए 'भारत माता की जय' और 'भाजपा जिंदाबाद' के नारे लगाते नजर आए। जीत की खुशी में एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई देने का सिलसिला देर तक चलता रहा।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत के बाद अपनी पहली प्रेस कांफ्रेंस भी की। उन्होंने कहा कि यह जीत वर्षों की अथक मेहनत, सुनियोजित रणनीति और कार्यकर्ताओं के समर्पण का परिणाम है। उन्होंने बताया कि पार्टी ने जमीनी स्तर पर लगातार काम किया और जनता के बीच विश्वास कायम किया, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आया है। मंत्री वर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में अब भय और असुरक्षा का माहौल समाप्त हो चुका है। जनता ने परिवर्तन के पक्ष में अपना स्पष्ट जनादेश दिया है और अब वहां सुशासन की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो गया है। उन्होंने इस ऐतिहासिक विजय का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं को दिया।




### सुशासन तिहार की भी दी जानकारी

अपने संबोधन में मंत्री वर्मा ने छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा चलाए जा रहे 'सुशासन तिहार' की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान 1 मई से 10 जून तक प्रदेशभर में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना और आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य कर रही है तथा आम जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। 'सुशासन तिहार' के माध्यम से शासन और जनता के बीच संवाद को और मजबूत किया जा रहा है।

### कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

कार्यक्रम में भाजपा के जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर पार्टी की जीत का जश्न मनाया और आगामी चुनावों में भी इसी प्रकार के प्रदर्शन का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह जीत देशभर में भाजपा की बढ़ती स्वीकार्यता और जन विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी पार्टी जनहित के मुद्दों पर कार्य करते हुए नई उपलब्धियां हासिल करेगी। इस आयोजन में प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुलोचना यादव, नपा. उपाध्यक्ष जितेंद्र म्हाले,वरिष्ठ नेता विजय केसरवानी, नीलम सोनी,महिला नेत्री धनेश्वरी वर्मा, शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा, बलौदाबाजार नगरपालिका परिषद के पार्षदगण राजू सलूजा, जितेंद्र डडसेना, गौतम चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## ऐतिहासिक जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह



**हथबंद।** पश्चिम बंगाल, असम और पुड्डुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत के बाद नवापारा हथबंद मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य विजय रैली निकालकर जोरदार जश्न मनाया। यह जीत जनता के अटूट विश्वास और पार्टी की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक मानी जा रही है। विजय रैली में जिला अध्यक्ष आनंद यादव जी, जनपद अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल जी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने एकजुट होकर इस ऐतिहासिक जीत का उत्सव पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने"भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद" "माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद""जय श्री राम" जैसे गगनभेदी नारे लगाए, जिससे पूरा वातावरण जोश और ऊर्जा से भर गया। कार्यकर्ताओं ने मिठाई वितरित कर एक-दूसरे को खिलाई और बधाई देते हुए जीत की खुशी साझा की। कार्यकर्ताओं का कहना था कि जनता ने भाजपा की नीतियों और नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए यह ऐतिहासिक जनादेश दिया है, जो पार्टी की बढ़ती स्वीकार्यता को दर्शाता है। साथ ही छत्तीसगढ़ के विभिन्न नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के योगदान के लिए आभार भी व्यक्त किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष केजू बघेल , जिला मोर्चा उपाध्यक्ष करण वर्मा, महामंत्री ईश्वरी मारकंडे, वरिष्ठ नेता संजय वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष घन्ना धनेश्वर निषाद, राज किरण महिलांगे, डोमार मारकंडे (अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष), कल्याण ध्रुव (अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष), खोमलाल साहू, मोनू समुद्रे, सुरेश वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, जीवन साहू, खेमराज वर्मा, युवा मोर्चा के भावेश साहू, रामपाल, भोलू साहू, रामकुमार साहू सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## भाजपा की ऐतिहासिक जीत का कसडोल में उत्सव, आतिशबाजी कर झालमुड़ी वितरण

**सेल** । भारतीय जनता पार्टी कसडोल मंडल द्वारा पश्चिम बंगाल एवं असम चुनावों में पार्टी की प्रचंड विजय के उपलक्ष्य में भव्य उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उत्साह उमंग और जोश के साथ आतिशबाजी की तथा झालमुड़ी का वितरण कर खुशी साझा की। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने इसे ऐतिहासिक जीत बताते हुए एक-दूसरे को बधाई दी। पूरा वातावरण जश्नमय रहा और नगर में उत्सव का माहौल देखने को मिला। इस विजय को देश की जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, सुशासन, विकास और राष्ट्रहित की नीतियों पर अटूट विश्वास का प्रतीक बताया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि "यह जीत देश की जनता के विश्वास और भाजपा की जनहितकारी नीतियों की विजय है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास की ओर अग्रसर है और जनता का यह समर्थन आने वाले समय में और अधिक सशक्त भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेगा। कार्यक्रम में भाजपा जिलामंत्री मेलाराम साहू, मंडल अध्यक्ष सुदीप दास मानिकपुरी, नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू, मंडल महामंत्री अनिल श्रीवास राजू साहू( हरिकांत ), महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष शनि यादव, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष रविकांत बंजारे, नगर पंचायत सभापति रामा धीवर, अजय साहू, शकुंतला, दीपक पटेल, पार्षद भानु साहू, पुनेश्वरनाथ मिश्रा, भगवती साहू, सुंदर साहू, नीरज साहू, संजय साहू, यादव चंद्रिका, बिमल वैष्णव, भाजपा कसडोल मंडल के समस्त पदाधिकारी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता महिला मोर्चा जनप्रतिनिधि तथा नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## 'ग्रामीणों ने रखी समस्याएं, 23 आवेदन सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

सरकार ने जनपद पंचायत के अंतर्गत अनेकों पंचायत मुख्यालय मुख्यालय मे सुशासन तीहार मनाने की योजना चला रही है। जिसमें सभी विभागों के अधिकारियों ने स्टार लगाकर बैठे रहते है।इसी सरकार के क्रीयावयन करते हुए पंचायत मुख्यालय धोबनी में सुशासन तीहार आयोजित किया गया उक्त कार्यक्रम मे शामिल हुए सनम जांगड़े अनुसूचित जाति युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष, संजय भूषण पाण्डेय जिला पंचायत अध्यक्ष जिला सारंगढ़ बिलाईगढ एवं भाजपा के पदाधिकारियों, जनपद स्तर के सभी विभाग उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने सभी स्टाल में जाकर आवेदन की जानकारी चाही गई। ग्राम पंचायत गोपालपुर के ग्रामीणों ने सुशासन तीहार मे जाकर अनेकों आवेदन दिए अनुसूचित जाति मुहल्ला में गुरु घासीदास परिसर,गली एवं तांबा तालाब पार में कांक्रीटीकरण, मंगल भवन निर्माण, जल जीवन मीशन के अधूरा कार्य को पूर्ण कराने, बिला ब्यपवर्तक नहर के मरम्मत कराने,पशु सेड निर्माण इसी प्रकार ग्रामीणों के तरफ से 23 आवेदन दिया गया।



## ग्राम धोबनी में जनसमस्याओं का मौके पर समाधान, हितग्राहियों को बांटे प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

धोबनी (सरसीवां) सुशासन तिहार 2026 ग्राम पंचायत धोबनी में जो सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड अंतर्गत स्थित है। सोमवार दिनांक 04.05.202 6को सुशासन तिहार का आगाज माता सरस्वती की मूर्ति पर ज्योति प्रज्वलित करने के साथ प्रारंभ हुआ। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार छ. ग़. में जनता की समस्या का समाधान करना,अपनी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाना,जनता से सीधे तौर पर समस्या की जानकारी प्राप्त कर उसका समाधान करना सुशासन तिहार का प्रमुख उद्देश्य है। संजय भूषण पाण्डेय जिला पंचायत अध्यक्ष के द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। डॉ.सनम जांगड़े प्रदेश अध्यक्ष अनु. जाति मोर्चा के द्वारा विभागवार समीक्षा की गई जिसमें विभाग के अधिकारियों से जाकारी लेकर त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया गया साथ ही बिला नाला बांध के नहर निर्माण के लिए बजट तैयार कर शासन एवं प्रतिनिधियों को प्रेषित करने के निर्देश दिया गया। विभिन्न विभागों द्वारा अपने हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। सहकारिता विभाग द्वारा योगेश्वर साहू एवं सनी दास मानिकपुरी को ब्याज मुक्त ऋण का प्रमाण पत्र दिया गया। उक्त कार्यक्रम में संजय भूषण पांडे, डॉक्टर सनम जांगड़े के साथ ही जिला भाजपा अध्यक्ष ज्योति पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष सारंगढ़ बिलाईगढ़ ,जिला पंचायत सदस्य शिवकुमारी साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष झाड़ू राम साहू ,वर्तमान मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, जनपद अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद साहू, दुर्गेश केसरवानी, अनिल साहू, जनपद सदस्य पुष्पा साहू, तोषण लाल साहू, प्रहलाद साहू, हीरालाल साहू, छगनलाल साहू 23 ग्राम पंचायत के सरपंच के साथ ही देवनारायण साहू, दरस राम टंडन एवं अधिकारी कर्मचारी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## चंडी में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**अर्जुनी।** ग्राम चंडी में रात्रिकालीन ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ देखने को मिली। इन दिनों रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बलौदा बाजार के ग्रामीण स्तर पर जोर शोर से देखने को मिल रहा है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में लगभग 65 गांव के टीम ने भाग लिया है। प्रथम पुरस्कार 51001 द्वितीय 25001, तृतीय 15001 एवं चतुर्थ पुरस्कार 10001 रुपए एवं शील्ड रखा गया है। प्रथम उद्घाटन मैच सेमराडीह एवं कुकुरडीह के बीच खेला गया। जिसमें सेमराडीह की टीम विजेता रही। उद्घाटन मैच में मुख अतिथि के रूप में नीरज परगनिहा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो एवं मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार रहे ।साथ ही भाजयुमो सुहेला मंडल अध्यक्ष कुलदीप वर्मा भाजयुमो आईटी सेल सह प्रभारी कुशल वर्मा भाजयुमो मीडिया सह प्रभारी नीरज नायक एवं अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे। शुभारंभ अवसरपर नीरज परगनिहा ने कहा कि हम नित्य प्रतिदिन खेलो के क्षेत्र में युवाओं के साथ आगे बढ़ रहे है अन्य वर्षो के भाती इस वर्ष रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीण स्तर पर हम बढ़चढकर के रहे है जो युवाओं को खेल के प्रति आकर्षित करता है साथ में खिलाड़ी भावना और मित्रता भाव का संचार करता है।



## बलौदाबाजार प्रेस क्लब की नए पुलिस अधीक्षक से मुलाक़ात



**बलौदाबाजार।** जिले में पदस्थ नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा से बलौदाबाजार प्रेस क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान पत्रकारों और पुलिस अधीक्षक के बीच जिले की कानून व्यवस्था, जनसुरक्षा तथा पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई। प्रेस क्लब के सदस्यों ने जिले में शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिसिंग को मजबूत करने सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं को पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा। पत्रकारों ने जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्रशासन और मीडिया के बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर भी अपने विचार व्यक्त किए। नवागत पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा ने प्रेस क्लब के सदस्यों द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं को गंभीरतापूर्वक सुना और जिले में बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक कदम उठाने एवं प्रभावी अमल करने का आश्वासन दिया।

## 101वीं जयंती पर निःशुल्क रोग निदान शिविर का आयोजन, वरिष्ठजन व पत्रकार सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पूर्व विधायक, समाजसेवी एवं अधिवक्ता स्वर्गीय पं. बंशराज तिवारी की 101वीं जयंती के अवसर पर आयोजित 20वां एक दिवसीय निःशुल्क रोग निदान शिविर चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ नीति आयोग के उपाध्यक्ष गणेश शंकर मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने अपने संबोधन में तिवारी परिवार द्वारा निरंतर किए जा रहे इस जनसेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि पं. बंशराज तिवारी के योगदान को याद करने और उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देने का इससे बेहतर उदाहरण नहीं हो सकता। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा , पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, जनपद पंचायत पूर्व अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, जुगल भट्टर, विप्र समाज अध्यक्ष श्याम शुक्ला सहित अन्य अतिथियों ने भी डॉ. प्रमोद तिवारी, अशोक कुमार तिवारी, डॉ नितिन तिवारी, डॉ. गीतिका शंकर तिवारी, विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक मिकी तिवारी एवं उनके परिवार को इस सेवा कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।




### वरिष्ठजन व पत्रकारों का हुआ सम्मान

*कार्यक्रम के समापन पर शहर के वरिष्ठ नागरिकों एवं पत्रकारों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठजनों में श्याम शुक्ला, जयनारायण केशरवानी, भूपेंद्र सिंह ठाकुर, जुगल भट्टर, लक्ष्मी साहू, डी.पी. जैन, निशा झा, एस.एम. पांडेय, मोतीलाल वर्मा सहित अनेक गणमान्य शामिल रहे। वहीं रामाधार पटेल, नरेश गनशानी, दलजीत सिंह चावला, प्रभाकर मिश्रा, नरेंद्र शर्मा, देवेश साहू, प्रदीप माहेश्वरी, दिलीप माहेश्वरी सहित अन्य पत्रकारों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर तिवारी परिवार की ओर से मुख्य अतिथि गणेश शंकर मिश्रा का स्मृति चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया गया।*

### 375 मरीजों का हुआ उपचार विभिन्न जांचें निःशुल्क

शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने लाभ उठाया। डॉ. नितिन तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल 375 मरीजों का पंजीयन किया गया। इनमें 55 सोनोग्राफी, 25 एक्स-रे, 159 खून की जांच, 20 ईसीजी तथा 5 एंडोस्कोपी की गई। सभी मरीजों को निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। साथ ही 10 हार्निया, 22 हाइड्रोसिल और 30 बवासीर/फिस्टुला के मरीजों का ऑपरेशन हेतु चयन किया गया।

### विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी सेवाएं

शिविर में डॉ. प्रमोद तिवारी (वरिष्ठ सर्जन), डॉ. नितिन तिवारी (लेप्रोस्कोपिक सर्जन), डॉ. गीतिका शंकर (स्त्री एवं प्रसूति रोग), डॉ. सुकृति, डॉ. आकांक्षा (दंत रोग), डॉ. रीतिक राजाराम (क्रिटिकल केयर), डॉ. राहुल देव (शिशु रोग), डॉ. आकाश (अस्थि रोग), डॉ. सत्य प्रकाश सिंह, डॉ. गौरव त्रिपाठी (कार्डियोलॉजी), डॉ. संजय साहू (नेत्र रोग), डॉ. राहुल त्रिवेदी (आयुर्वेद) सहित अन्य चिकित्सकों एवं स्टाफ ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

पेज 11 के शेष

### पटाखा फोड़ने से...

उर्फ भुनेश्वर कुर्रे 28 वर्ष निवासी मुड़ियाडीह को हिरासत में लिया गया,उन्होंने फटाका फोड़ने से मना करने की बात को लेकर आवेश में आकर प्रार्थी के ऊपर चाकू से वार कर उसे चोंट पहुंचाना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी से एक चाकू जप्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### प्लास्टिक पाइप गोदाम...

हुआ। दुकान के संचालक राजेश साहू ने बताया कि गोदाम के पीछे के हिस्से में आग लगी और पाइप जलने लगा। आग तेजी से फैलते हुए गोदाम के सामने सहित बाकी के हिस्से को चपेट में ले लिया। आगजनी का कारण अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है लेकिन ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि जहां पर उक्त पाइप का गोदाम है उसके पीछे और बगल का हिस्सा खाली है, हो सकता है किसी आग की चिंगारी उक्त गोदाम में रखे पाइप तक पहुंच गई हो। गर्मी व प्लास्टिक के सामान होने के कारण तेजी से फैली। दुकान के संचालक ने बताया कि इस आगजनी में गोदाम के अंदर रखा 5 से 6 लाख का पाइप जल गया।

20 लाख से अधिक का हुआ मजदूरी भुगतान

## बरौंडा में मनरेगा सोशल ऑडिट ग्राम सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

जनपद पंचायत तिल्दा,जिला पंचायत रायपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरौंडा मे मनरेगा सोशल ऑडिट सामाजिक अंकेक्षण दल द्वारा विशेष ग्राम सभा का आयोजन 5 मई को मनरेगा कार्य स्थल - फुलवारी तालाब गहरीकरण मे किया गया। ग्राम रोजगार सहायक जगदेव कंडरा से प्राप्त जानकारी से 1 अप्रेल 2025 से 31 मार्च 2026 तक ग्राम पंचायत बरौंडा में मनरेगा अंतर्गत हुए कार्यों की जॉच किया गया । मनरेगा सोशल ऑडिट दल में ओमप्रकाश साहू-वीएसएएफ, संगीता गेन्ड्रे, फुलेश्वरी साहू वीआरपी, सरपंच नीलू मढ़रिया, सचिव सुरेंद्र कुमार पटेल, ग्राम रोजगार सहायक जगदेव कंडरा, तकनिकी सहायक अनुराग पाण्डे, आदित्य तुरकाने, मेट-घनश्याम धीवर, लता देवॉगन, प्रियंका निर्मलकर एवं ऊषा जॉगड़े जॉच के दौरान मजदूरी व्यय राशि 2014406 एवं सामाग्री मे 165000 लाख रुपये व्यय तथा कुल मानव दिवस 8225 कराया गया। कुल कार्यो की संख्या 79 जिसमे 71पीएम आवास, 3 मुख्यमंत्री आवास व 5 मजदूरी मूलक कार्यों की जॉच सत्यापन किया गया तथा बकाया मजदूरी भुगतान नहीं पाया गया। मनरेगा कार्यों की श्रमिक जॉब कार्ड, मेट माप पंजी, रोजगार सहायक द्वारा संधारित 10 पंजी का सत्यापन किया गया। मनरेगा मजदूरों का श्रमिक भुगतान छग ग्रा.बैंक सारागॉव, बैंक ऑफ बड़ौदा बंगोली सहित अन्य बैंकों मे होता है। सोशल ऑडिट विशेष ग्राम सभा अध्यक्ष-कुमुद वर्मा की अनुमति से प्रारंभ व समापन किया गया। मनरेगा सोशल ऑडिट विशेष ग्राम सभा का आयोजन के दौरान पूर्व सरपंच प्रदीप मढ़रिया व पंच सहित कुल 84 मजदूर एवं ग्रामिणजन उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### जनगणना 2027 का प्रथम चरण जारी



**खरोरा।** जनगणना 2027 का प्रथम चरण मकान सूचीकरण और मकान की गणना का कार्य प्रारंभ 1 मई से हो चुका है। जिसमें प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से डिजिटल डाटा एकत्रित कर रहे हैं। प्रश्नोत्तरी 1 से 34 तक प्रश्न पूछे जा रहे हैं मकान सूचीकरण, मकान सूचीकरण गणना का प्रमुख उद्देश्य प्रत्येक आवासीय /गैर आवासीय भवन, मकान की स्थिति उपयोग और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी एकत्र करना, जनगणना अधिनियम 1948 के तहत डेटा पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा। इस कार्य में विकासखंड तिल्दा, खरोरा परिक्षेत्र के प्रगणक विशेषर वर्मा, चरित्र ध्रुव, संजय बंछोर, हेम कुमारी साहू, जीवनलाल कुर्रे आदि प्रगणको एवं हरीश पक्षीराज, सुरेंद्र कुमार बंजारे आदि पर्यवेक्षक जुटे हैं।

### 70 ग्रामीणों का निःशुल्क जांच और उपचार



**पलारी।** छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा जनहित में चलाया। उप स्वास्थ्य केन्द्र में 00 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान पलारी ब्लॉक के ग्राम पंचायत बिनौरी के उप स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क एक्सरे का जांच किया गया जिसमें 70 मरीजों का एक्सरे एवं बीपी, शुगर जॉच से लाभवन्तित हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से किरण सनकुमार साहू सरपंच ग्राम पंचायत बिनौरी, सीएचओ सरस्वती साहू, एएनएम, कल्पना साहू, आरएचओ डॉ. अजय साहू, मितानिन संतोषी वर्मा एवं किरण कुर्रे, कृष्णा वर्मा, रंभा कुर्रे, लोकेश्वरी धीवर, चरण साहू, सीताराम प्रजापति, पोषण वर्मा, मनराखन ध्रुव, भूरी बाई, राजाराम प्रजापति सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक कसडोल में आज

**सेल।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल की मासिक बैठक 7 मई को आहूत की गई है। ब्लाक कांग्रेस कार्यालय कसडोल गायत्री चौक में दोपहर 12 बजे से आयोजित बैठक में संगठन के संबंध एवं बूथ कमेटी वार्ड कमेटी पंचायत कमेटी बीएलओ 2 गठन के संदर्भ में चर्चा परिचर्चा की जाएगी। यह जानकारी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दयाराम वर्मा ने दी है।

### पीडीएस दुकान संचालन के लिए आवेदन 20 तक

**बलौदाबाजार।** पलारी विकासखण्ड अंतर्गत सहकारी समितियों के द्वारा ग्राम पंचायत फुंडरडीह, छेरकाडीह एवं ग्राम पंचायत औरांसी के आश्रित ग्राम छिराही में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन किया जाना है। दुकान हेतु लैम्प्स, प्राथमिक क़ृषि साख सहकारी समिति,वन सुरक्षा समिति, महिला स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायतों अन्य सहकारी समितियों से 20 मई 2026 तक आवेदन मंगाए गए है। समस्त दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पलारी में जमा कर सकते है।

### लघु फिल्म प्रतियोगिता आवेदन 30 जून तक

**बलौदाबाजार।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा 12 वें लघु फिल्म प्रतियोगिता 2026 के लिए प्रविष्टियां 30 जून 2026 तक आमंत्रित किया गया है। प्रतियोगिता में किसी भी आयु समूह के नागरिक भाग ले सकते है। चयनित फिल्म को प्रथम पुरस्कार 2 लाख, द्वितीय पुरस्कार 1 लाख 50 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 1 लाख रुपये एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये कोई शुल्क निर्धारित नहीं है। लघु फिल्म का विषय ह्यूमन राइट एस्से है जो अंग्रेजी एवं किसी भी भारतीय भाषा में हो सकता है। लघु फिल्म की अवधि न्यूनतम 3 एवं अधिकतम 10 मिनट का होना चाहिए। प्रविष्टियां केवल ऑनलाइन माध्यम से https://nhrc-nic-in पर स्वीकार किये जाएंगे। अधिक जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र के लिये वेबसाइट https://nhrc-nic-in का अवलोकन किया जा सकता है।

# विशेष अभियान चलाकर लंबित आवेदनों का करें निराकरण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो के साथ सुशासन तिहार अंतर्गत जिले में आयोजित हो रहे समाधान शिविर की समीक्षा की। उन्होंने राजस्व सम्बधित लंबित आवेदनों के निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश अधिकारियो को दिये।

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि अविवादित बंटवारा, नामांतरण, त्रुटि सुधार हेतु अभियान चलाएं। 15 दिन का कार्ययोजना बनाकर पटवारी और आरआई से प्रतिवेदन लें। इसी तरह स्वामित्व योजना अंतर्गत किसानों का स्वामित्व कार्ड बनाएं। उन्होंने जनगणना अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य की समीक्षा करते हुए भाटापारा एवं लवन तहसील में अब जिन एचएलबी में गणना कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है वहां शीघ्र प्रारम्भ कराएं। सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जिले में आयोजित हो रहे जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों का पोर्टल पर तत्काल प्रविष्टि सुनिश्चित करने तथा निराकरण की जानकारी शिविर स्थल पर देने के निर्देश दिये। इसके साथ ही लंबित आवेदन का भी जल्द निराकरण कर आवेदक को सूचित करने कहा।

**जनगणना कार्य अंतर्गत सभी एचएलबी में गणना शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश**



### जल संचय वाहिनी को भी सम्मानित करने के निर्देश

उन्होंने शिविर में हितग्राहियों को सामग्री वितरण के साथ ही जल संचय वाहिनी को भी सम्मानित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री शर्मा ने आगामी 11 मई को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण को देखने के लिए जिले में उपयुक्त स्थल का चिन्हाँकित कर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अपर कलेक्टर, एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।


**समस्या : 200 ट्रांसफार्मरों का जिम्मा सिर्फ 5 कर्मचारियों पर**

# आंधी- बारिश से अंधेरे में डूबा शहर, 22 घंटे गुल रही बिजली, उपभोक्ता रातभर भटकते रहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

शहर में मंगलवार शाम आई तेज आंधी और बारिश ने विद्युत व्यवस्था की पोल खोल दी। कई प्रमुख इलाकों में 20 से 22 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिससे लोगों को पूरी रात अंधेरे और उमस में बितानी पड़ी। हालात यह रहे कि बिजली विभाग का शिकायत नंबर भी बंद मिला, जिससे नाराज उपभोक्ताओं को देर रात बिजली कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज करानी पड़ी। शिकायतों के बावजूद कई क्षेत्रों में घंटों तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। गौरतलब है कि मानसून पूर्व मेंटेनेंस के नाम पर हाल ही में कई बार घंटों बिजली कटौती की गई थी, लेकिन एक ही आंधी- बारिश ने विभागीय तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए। गौरव पथ, संजय कॉलोनी, कोकड़ी रोड, षष्ठी मंदिर क्षेत्र, पुलिस क्वार्टर और अंबेडकर चौक जैसे प्रमुख इलाकों में भी लंबे समय तक बिजली बहाल नहीं हो सकी। विभाग का हेल्पलाइन नंबर 9171977501 बंद मिलने से लोगों में आक्रोश और बढ़ गया। कुछ उपभोक्ताओं ने 'मोर बिजली बिल' ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई, लेकिन राहत नहीं मिल सकी।

- शिकायत नंबर बंद, मेंटेनेंस पर उठे सवाल



### चैंबर ऑफ कॉमर्स ने सौंपा ज्ञापन



लगातार बिजली संकट से नाराज चैंबर ऑफ कॉमर्स ने अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि हल्की हवा या बारिश में भी घंटों तक बिजली बंद रहना आम बात हो गई है। सब-स्टेशन के फोन बंद रहने और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई नहीं होने से आम जनता और व्यापारियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। चैंबर ने मांग की है कि शिकायत काउंटर 24 घंटे चालू रखा जाए और उपभोक्ताओं को समय पर स्पष्ट जानकारी दी जाए। साथ ही चेतावनी दी गई है कि समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, शंकर दुलानी, पीयूष मिश्रा, दुर्गा प्रसाद जायसवाल, दिलीप माहेश्वरी, दिनेश वर्मा, संजय नारायण केशरवानी, सतीश साहू, नेतराम वर्मा, बाबा केशरवानी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

### स्टाफ और संसाधनों की कमी बनी बड़ी वजह



बिजली विभाग के जेई शहरी भूषण वर्मा के अनुसार शहर में 200 से अधिक ट्रांसफार्मर हैं, जबकि एक शिफ्ट में केवल 5 कर्मचारियों की ड्यूटी रहती है। इनमें एक नियमित कर्मचारी और शेष ठेका कर्मी शामिल हैं। स्टाफ की कमी के कारण फॉल्ट सुधार में देरी हो रही है। कार्यपालन अभियंता आदित्य ठाकुर ने भी स्वीकार किया कि शिकायतों की अधिकता और सीमित स्टाफ के कारण समस्या के समाधान में समय लग रहा है, जिसके लिए उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा गया है।

### जमीनी हकीकतः एक टीम, सीमित संसाधन

विभागीय सूत्रों के अनुसार पूरे शहर की व्यवस्था केवल एक टीम और एक चारपहिया वाहन के भरोसे संचालित हो रही है। कर्मचारियों के पास पर्याप्त सुरक्षा उपकरण जैसे ग्लव्स, सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट और जूते तक उपलब्ध नहीं हैं, जिससे उन्हें जोखिम उठाकर काम करना पड़ता है। एक ओर विभाग मेंटेनेंस के दावे करता है, वहीं दूसरी ओर एक आंधी में पूरी व्यवस्था चरमराना गंभीर सवाल खड़े करता है।

# संयुक्त टीम ने कैटीन एवं होटलों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा टीम ने मंगलवार को सीमेंट सयंत्रों के कैन्टीन एवं बलौदाबाजार के विभिन्न होटलों का निरीक्षण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार संयुक्त टीम द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री रावन में संचालित कैंटीन व एपीएल अपोलो स्टील फैक्ट्री केसदा के कैंटीन का निरीक्षण किया गया। एपीएल अपोलो स्टील फैक्ट्री के कैंटीन में खाद्य पदार्थों को दीवार से दूर व रैक में सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गये। साथ ही खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम से संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट, पेस्ट कंट्रोल सर्टिफिकेट, वॉटर टेस्ट सर्टिफिकेट कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बलौदाबाजार शहर के एवन डेली नीड्स, मिस बेकरी हाउस, मन्की द केक शॉप, शमा मुरादाबादी बिरयानी सेटर, होटल अंश का निरीक्षण कर साफ सफाई तथा अन्य नियमों को कड़ाई से पालन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# 12 हितग्राहियों को भवन आवंटन पत्र का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लवन

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आज गुरु घासीदास सांस्कृतिक भवन शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने पहुंचकर अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए जिसमें नली मरम्मत निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा राशन कार्ड बनाने संबंधित रहे। मौके पर ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आवेदनों की प्राथमिक जांच कर त्वरित निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। शिविर के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नगर पंचायत अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान द्वारा 12 हितग्राहियों को भवन आवंटन पत्र वितरित किया इससे हितग्राहियों के चेहरे पर संतोष और खुशी स्पष्ट रूप से दिखाई दी। शिविर में नगर पंचायत, विद्युत, जल, स्वास्थ्य, राजस्व, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, संगवारी योजना एवं आधार कार्ड सुधार से संबंधित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। इसके अलावा जिला स्तर के श्रम विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा पुलिस विभाग के स्टॉल भी नागरिकों की सेवा में सक्रिय रहे। शिविर का निरीक्षण नगर पंचायत अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान समेत जनप्रतिनिधियों ने सभी स्टॉलों का अवलोकन कर अधिकारियों को राज्य शासन की मंशा के अनुरूप नागरिकों के आवेदनों का त्वरित पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवमंगल सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन और आम नागरिक के बीच की दूरी को समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि हर नागरिक की समस्या को गंभीरता से लिया जाए और उसका त्वरित, समयबद्ध जाए। इस तरह के शिविरों से लोगों को एक ही स्थान पर सभी विभागों की सेवाएं मिल रही हैं, जिससे उन्हें भटकना नहीं पड़ता है। वही नगर पंचायत उपाध्यक्ष नरेन्द्र साहू ने कहा कि राज्य शासन की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। सुशासन तिहार इसी दिशा में एक सशक्त पहल है। इस शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के अलावा पार्षद ओमप्रकाश साहू, हर प्रसाद बार्वे, भारत भूषण साहू, येसु दास निराला, पूर्व पार्षद विनोद अनंत सहित नगरवासी उपस्थित रहे।



मौके पर ही प्राथमिक जांच कर त्वरित निराकरण की प्रक्रिया की प्रारंभ

# हितग्राहियों को मिले आवास, राशन कार्ड एवं विभिन्न योजनाओं की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा



नगर भवन में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा तथा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की उपस्थिति में "सुशासन तिहार" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में हितग्राहियों को राशन कार्ड सहित अन्य सौगातें दी गईं।

कार्यक्रम के दौरान शासन की वि भि न्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को आवास की चाबी एवं स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके साथ ही पात्र नागरिकों को राशनकार्ड प्रदान कर उन्हें शासन की खाद्य सुरक्षा योजनाओं से जोड़ा गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने शासन की योजनाओं के प्रति संतोष एवं विश्वास व्यक्त किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा कार्यक्रम के आयोजन हेतु व्यापक व्यवस्थाएं की गईं। नगर पालिका की टीम ने हितग्राहियों के पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन एवं वितरण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया, जिससे कार्यक्रम सफल एवं प्रभावी रहा। कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि राज्य सरकार आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। "सुशासन तिहार" जैसे आयोजनों के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ सीधे पात्र नागरिकों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि हर गरीब परिवार को पक्का आवास, खाद्य सुरक्षा एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। इस अवसर पर समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

- "सुशासन तिहार" बना जनसेवा का सशक्त माध्यम
- योजनाओं का लाभ सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जा रहा : मंत्री वर्मा

### जीवन में आ रहा सकारात्मक परिवर्तनः शिवरतन

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि शासन की जनहितकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, जिससे लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है कि प्रत्येक पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में जनसुविधाओं का विस्तार, पारदर्शी प्रशासन एवं जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए नगरपालिका प्रतिबद्ध है। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

## सावित्रीबाई फुले अवार्ड 2026 में 140 शिक्षक सम्मानित



**पलारी।** सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक अवार्ड 2026 रायपुर के द्वारा 140 शिक्षकों सम्मानित किया गया, जिसमें पलारी ब्लॉक के 4 शिक्षकों को नवाचारी, बालिका शिक्षा, उत्कृष्ट शिक्षक, साहित्य व समाज सेवा के सृजनात्मक कार्य के लिए सावित्रीबाई फूले राष्ट्रीय महिला शिक्षक फेडरेशन दिल्ली के द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें शिक्षक थानसेन कुर्रे, कविता सरशिहा, संध्या पैकरा, शशिप्रभा सम्मानित हुई।

## रूबी देवांगन ने दसवीं कक्षा में 90% अंक लाकर बढ़ाया मान



**रवान।** शासकीय हाई स्कूल रवान की छात्रा कुमारी रुबी देवांगन ने कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में 90% अंक प्राप्त कर शाला परिवार एवं गांव का नाम रोशन किया है। शुरू से ही पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लगातार प्रथम स्थान हासिल करती आ रही है। पिता अनिल देवांगन साइकिल दुकान चलाता है जबकि माता गृहणी है। उनकी इस उपलब्धि पर शाला परिवार के प्राचार्य सारिका तिवारी, हाई स्कूल शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खेलन वर्मा, पूर्व अध्यक्ष रमेश मारकंडे, ग्राम पटेल नरेश वर्मा, खेलन देवांगन, दिलीप साहू, एवं ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

## स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल गनियारी का परिणाम उत्कृष्ट रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरोरा

समीपस्थ ग्राम गनियारी में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बोर्ड परीक्षा पांचवीं, आठवीं, दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा में 100 प्रतिशत परिणाम रहा। उल्लेखनीय है कि बोर्ड परीक्षा में सभी विद्यार्थी प्रथम डिवीजन के साथ उत्तीर्ण रहे। विद्यार्थियों द्वारा लाए गए सकारात्मक परिणाम के पीछे शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। उत्कृष्ट परिणाम पर शाला के प्राचार्य के. एल.टोप्पो, शाला विकास समिति के अध्यक्ष यशवंत वर्मा एवं सदस्यगणो द्वारा आभार व्यक्त करते हुए सभी क्षेत्रों में और भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रयास जारी रखने की बात कही।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### तीर्थयात्रियों का जत्था अयोध्या के लिए रवाना



**भाटापारा।** बुधवार जनपद पंचायत से श्रीरामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जाने वाले तीर्थयात्री बस को जनपद अध्यक्ष सविता प्रदीप आनंद एवं मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा पंचायत इंस्पेक्टर सनत ध्रुव संतोष शर्मा की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर बस रवाना किया गया, तीर्थयात्री बस से रायपुर रेल्वे स्टेशन पहुंचकर वहां से अपने आगे की यात्रा अयोध्या के लिए शुरू किया।

### 4 साल बीते, रवान में टंकी निर्माण अधूरा



**रवान।** ग्राम रवान में राष्ट्रीय जल मिशन के टंकी निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है विगत 4-5 साल से अधूरा पड़ा है। उक्त निर्माण कार्य के ठेकेदार द्वारा आधा बस्ती के अंदर केवल पाइप बिछाकर छोड़ दिया है घर-घर में नल लगाने का कार्य भी आधा अधूरा ही काम हुआ है। इस भीषण गर्मी में ग्रामीणों द्वारा आज भी आस लगा के बैठे हैं कि कब घर के नलों में पानी आएंगे। ग्रामीणों ने तत्काल शासन प्रशासन से नया पानी टंकी निर्माण अधूरा जो पड़ा है उसे पूर्ण कराने की मांग की है।

### रसोई गैस की होम डिलेवरी प्रारंभ

**पलारी।** रसोई गैस की घर पहुंच सेवा होमडिलवरी गाडी सभी गांव मे फिर से अपने अपने रूढ़ चार्ट के अनुसार घर घर डोर टू डोर गैस सिलेंडर की होम डिलवरी सेवा प्रारम्भ हो चुकी हैं पुनः गैस अब पहले जैस गांवओ तक होम डिलवरी सुविधा दी जा रही हैं। गैस संचालक भैया राम ध्रुव ने बताया कि स्टॉक पहले जैसे आसानी के साथ गैस उपलब्ध हो रहा हैं,सिलेंडर लेने मे यदि कोई समस्या हैं तो केवल 45 दिन के अंतराल जो गेप हो रहा हैं उसी मे दिक्कत आ रही हैं ओटीपी आने मे गैस कार्ड मे लिमिट सेट कर दिया गया हैं। जिससे कभी भी पहले जैसे गैस सिलेंडर मिल रहा था अब वैसे बुकिंग नही हो रहा हैं, गैस बुक करने पर बुकिंग डेट दिखाता हैं उसके आधार पर बुकिंग होता हैं, इसके साथ साथ इकेवायसी, सुरक्षा जाँच एम आई, पाईप अपडेट किया जा रहा हैं।

## निधन

### नीराबाई साहू

**भैंसा।** ग्राम भैंसा (कोरासी) निवासी श्रीमती नीराबाई साहू पति दाऊ लाल साहू उम्र 48 का आज अकस्मात निधन हो गया। वे आधुनिक टेलर्स के संचालक उमेश साहू की माता थी।उसके अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम कोरासी में किया गया, जहां पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



# प्लेसमेंट कैंप में युवाओं को मिला रोजगार, 13 को मिले ऑफर लेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने के लिए लाईवलीहुड कॉलेज सकरी, बलौदाबाजार में बुधवार को निजी क्षेत्रों के 6 नियोजकों से प्राप्त 192 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट कैम्प में 13 युवाओं का फ़ाइनल सलेक्शन कर ऑफर लेटर दिया गया एवं 12 युवाओं का हुआ प्राथमिक चयन किया गया।

जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार प्लेसमेन्ट कैम्प में नियोजक एक्सट्रा एडनरी स्कूल (पंडित बंशराज तिवारी मल्टी पर्पस सोसायटी) बलौदाबाजार द्वारा टिचर के 10 पदों के लिए 6 आवेदक साक्षात्कार में भाग लिया जिसमें से 2 आवेदक का प्राथमिक चयन किया गया।

स्काई आटो मोबाईल (नेक्सा) बलौदाबाजार द्वारा रिलेशनशिप (सेल्स) के 4 पद रिशेपसनिष्ठ के 1 पद के लिए 15 आवेदक साक्षात्कार में भाग लिया जिसमें से 6 आवेदकों का प्राथमिक चयन हुआ, अलर्ट सिक्योरिटी प्रा.लि. रायपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 50 पद, सहा सुपरवाईजर के 20 पद, सिक्योरिटी सुपरवाईजर के 9 पद, टेंडर के 2 पद, मार्केटिंग के 8 पद के लिए 9 आवेदक साक्षात्कार में भाग लिया जिसमें से 6 आवेदकों को चयन कर ऑफर लेटर प्रदान किया गया।

## लाईवलीहुड कॉलेज सकरी में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन



### इन कंपनियों ने दिया रोजगार का अवसर

जैनावीर प्रायवेट लिमिटेड रायपुर द्वारा वेल्डर फेब्रिकेटर एवं सहा कम्प्यूटर ऑपरेटर के 6 पदों के लिए 2 आवेदक साक्षात्कार में भाग लिया जिसमें से 1 आवेदक का प्राथमिक चयन एवं 1 आवेदक को ऑफर लेटर प्रदान किया गया। रोजगार मेला में डिप्टी कलेक्टर रजनी छड़ीमली ने उपस्थित नियोजकों से रोजगार से संबंधित विस्तृत रूप से चर्चा की गई आगामी मेला में संस्थानों में रिक्त पदों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने के हेतु निर्देश दिए है। रोजगार मेले में जिला रोजगार अधिकारी मनोरमा भगत, समाज शिक्षा संगठक आशा शुक्ला, रोजगार कार्यालय एवं लाईवलीहुड कॉलेज के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## जर्जर नहर बनी संकट का कारण, प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग

# हसुवा में सिंचाई व्यवस्था बदहाल किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



जल संसाधन उपसंभाग गिरौदपुरी अंतर्गत ग्राम हसुवा में जल संसाधन व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है। मुख्य नहर और माइनर नालियों की बदहाल स्थिति ने अब किसानों के धैर्य की परीक्षा लेनी शुरू कर दी है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि सैकड़ों किसानों और जनप्रतिनिधियों को एकजुट होकर 15 अप्रैल को कार्यपालन अभियन्ता, जल संसाधन निर्माण संभाग कसडोल एवं रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे को ज्ञापन सौंपना पड़ा। आवेदन में स्पष्ट चेतावनी दी गई थी कि यदि समय रहते नहरों की मरम्मत और सुधार कार्य नहीं कराया गया, तो पूरे क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था ठप हो सकती है, जिससे किसानों की फसल और आजीविका दोनों पर सीधा संकट मंडराने लगेगा। किसानों के अनुसार, पटवारी कार्यालय के पीछे स्थित मुख्य नहर का हिस्सा पूरी तरह कमजोर और क्षतिग्रस्त हो चुका है, जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। वहीं छुईहा तालाब के पास बना उपका पुल जर्जर अवस्था में है, जिससे आवागमन जोखिम भरा हो गया है और दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। सबसे गंभीर मामला अवैध कब्जे का सामने आया है, जहां एक पोल्ट्री फार्म संचालक ने नहर पर कब्जा कर निजी पुल बना लिया है, जिससे जल प्रवाह पूरी तरह बाधित हो रहा है। किसानों ने इसे तुरंत हटाने की मांग की है। वहीं हसुवा माइनर नाली में स्थित छोटा पुल वर्तमान जरूरतों के अनुसार अपर्याप्त है। किसानों ने इसे बड़ा करने, नाली के गहरीकरण और पक्की ढलाई की मांग की है ताकि पानी का प्रवाह सुचारु हो सके। इसके अलावा जराहीपाठ क्षेत्र में अब तक पक्की ढलाई नहीं होने से नाली कमजोर बनी हुई है। पूर्व में किया गया लाइनिंग कार्य भी अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जिससे पानी का भारी अपव्यय हो रहा है और सिंचाई क्षमता प्रभावित हो रही है। इस मुद्दे पर जनपद पंचायत कसडोल के सभापति व्यासनारायण श्रीवास, ग्राम पंचायत हसुवा की सरपंच रितु अतुल केशरवानी, उपसरपंच शांति राधेलाल साहू, समस्त पंचगण एवं किसान समिति के अध्यक्ष अरुण साहू , भीखम साहू सहित सैकड़ों किसानों ने एक स्वर में आवाज उठाई है।

### 15 दिन बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, उग्र आंदोलन की चेतावनी

किसानों का कहना है कि ज्ञापन सौंपे जाने के 15 दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे किसानों में भारी आक्रोश और नाराजगी है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सुधार कार्य शुरू नहीं किया गया, तो किसान उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। किसानों ने स्पष्ट कहा है कि यह केवल एक गांव की समस्या नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जल व्यवस्था और कृषि भविष्य का सवाल है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इन सभी समस्याओं का त्वरित निरीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर सुधार कार्य शुरू कराया जाए। अब नजरें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं क्या किसानों की यह सामूहिक आवाज व्यवस्था को जगाने में सफल होगी या फिर समस्या यूं ही बढ़ती रहेगी। इस संदर्भ में जल संसाधन निर्माण संभाग कसडोल के कार्यपालन अभियंता अमरीश गुप्ता से चर्चा के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## संडी में बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान, क्रांति सेना ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

संडी बंगला क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों और युवाओं का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। इसी कड़ी में सर्रा, गोड़ा, कोदवा, मुड़पार संडी और गबौद गांवों के युवा साथियों के साथ क्रांति सेना जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के पदाधिकारी बिजली केंद्र संडी पहुंचे और विभागीय अधिकारियों को अपनी समस्याओं से अवगत कराया।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से हो रही अनियमित बिजली कटौती के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। भीषण गर्मी के चलते छोटे बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली नहीं रहने से पानी की समस्या भी गंभीर हो गई है, वहीं दैनिक उपयोग के विद्युत उपकरण भी बंद पड़े रहते हैं। प्रदर्शन के दौरान उपस्थित लोगों ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द से जल्द समस्या के समाधान की मांग की। उन्होंने आग्रह किया कि समय रहते आवश्यक सुधार किए जाएं, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस मौके पर जिला संयोजक बजरंग दल नारायण वैष्णव, छत्तीसगढ़िया युवा क्रांति सेना पलारी ब्लॉक अध्यक्ष मनीष सोनकेवरे, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ब्लॉक अध्यक्ष संतोष वैष्णव, ब्लॉक उपाध्यक्ष समीर चंद्राकर,तुलसी, चंद्रप्रकाश, नरेश, नरेंद्र, धनेन्द्र, कुशल, अमन, डेविड, तरुण, कुम्भज, सोमनाथ, होरीलाल, पुकार, श्रवण, घनश्याम, कोमल, गोपाल, सोनू, शेखर, रोशन, परमेश, गिरजाशंकर, कौशल, रामानंद समेत बड़ी संख्या में युवा साथी और सेनानी उपस्थित रहे।

## बिटकुली में भाजपा नवापारा मंडल ने चुनावी जीत पर मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद



बुघवार को भारतीय जनता पार्टी नवापारा हथबंद मंडल द्वारा ग्राम बिटकुली में मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जो पूजा-अर्चना के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। बैठक का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल ने किया। बैठक के पश्चात सभी अतिथियों का गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश चवरे जी ने किया। उन्होंने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत-वंदन करते हुए कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया। अपने उद्बोधन में डॉ. दौलत राम पाल ने पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में एनडीए को मिली प्रचंड जीत पर सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा मतदाताओं का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जनादेश आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में "विकसित भारत" के संकल्प पर जनता के अटूट विश्वास का प्रतीक है। इसी क्रम में युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष करण वर्मा ने भी अपने विचार रखते हुए छत्तीसगढ़ के सभी भाजपा वरिष्ठ नेताओं एवं मंत्रियों के सफल योगदान की सराहना की। उन्होंने कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा जी के नेतृत्व में डॉ दौलत राम पाल बंगाल चुनाव मे जीत के सफल योगदान किए गए प्रयासों के लिए सभी कार्यकर्ताओं ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व जनपद अध्यक्ष मोहन ढिगड़े ने भी अपने उद्बोधन में संगठन की मजबूती पर जोर दिया। इस अवसर पर महामंत्री ईश्वरी मारकंडे, महामंत्री प्रेमलता वर्मा, लीली वर्मा मंत्री, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष डोमार मारकंडे, अनुसूचित जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष कल्याण ध्रुव, किसान मोर्चा अध्यक्ष चुरावन वर्मा, उपाध्यक्ष घन्ना धनेश्वर निषाद, मंत्री खेमराज वर्मा, सरपंच सरोज साहू, भागवत बंजारे, कल्याणी ,राजू तिवारी, केसली से वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश चवरे ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। बैठक का समापन "जय श्री राम", भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद तथा विष्णु देव साय जिंदाबाद, कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ज़िंदाबाद के जयघोष के साथ हुआ।

## कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया



**पलारी।** भाजपा मंडल रोहांसी में भाजपा कार्यकर्ताओ के द्वारा पश्चिम बंगाल विधानसभा 2026 की ऐतिहासिक जीत पर पार्टी का झंडा लेकर रैली निकाली तथा पटाखे फोड़कर, मिठाई बांटकर उत्साह मनाया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह जीत पार्टी कार्यकर्ताओ की मेहनत, त्याग और तपस्या की जीत है।

इस अवसर पर मंडल महामंत्री रोहांसी उमेश यदु,मोहन साहू, मंडल उपाध्यक्ष ओम प्रकाश ठाकुर, लखन साहू, घनश्याम साहू, जिला मंत्री भाजयुमो कौशल साहू, मंडल अध्यक्ष भाजयुमो लखन यादव, मंडल अध्यक्ष अजा मोर्चा ईश्वर बघेल, मंडल अध्यक्ष अजजा मोर्चा पवन ध्रुव, भाजयुमो जिला कार्यकारणी शिवकुमार साहू, पृथ्वी साहू, पार्षदगण बुधारु साहू, युगल किशोर साहू, अजय नारायण ध्रुव, कमलेश चतुर्वेदी, अवधेश साहू, रामेश्वर वर्मा, बिहस कलिहारी, हेमकिशन साहू, मिनेंद्र यादव उपसरपंच धमनी, हरदयाल पैकरा सरपंच धमनी, चंद्रकुमार पैकरा जनपद सदस्य, हरिकिर्तन यादव, रोहित, शत्रुघ्न एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

